# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

शुक्रवार, तिथि १३ जून १९५२।

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान सभा का कार्य विवरण।

सभा का अधिवेशन पटने के सभा सदन में शुक्रवार, तिथि १३ जून, १९५२ को ११ बजे पूर्वाह्न में माननीय अध्यक्ष श्री विन्ध्येश्वरी प्रसाद वर्म्मा के सभापतित्व में हुआ।

## तारांकित प्रश्नोत्तर

## STARRED QUESTIONS AND ANSWERS.

### जहानाबाद सबडिवीजन में अकाल की स्थिति

†*१६२। श्री शिवभजन सिंह—क्या माननीय मंत्री, राजस्व विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(क) क्या यह बात सही है, कि नहरी इलाके को छोड़ कर जहानाबाद सबडिवीजन में लगातार दो साल से फसल मारे जाने से भयंकर अकाल की स्थिति पैदा हो गयी है;

(ख) क्या यह बात सही है कि सरकार की ओर से पुनपुन में तथा और नदियों में पक्का बांध बंधाने का विश्वास दिलाया गया है, जिसके विषय में चुनाव के समय काफी प्रचार किया गया था?

माननीय श्री कृष्ण वल्लभ सहाय—(क) १९५०–५१ में जहानाबाद और घोसी थाने के कुछ हिस्से स्कारसिटी एरिया डिक्लेयर किये गये। १९५१-५२ में भी जहानाबाद और घोसी थाने को स्कारसिटी एरिया डिक्लेयर किया गया था। इस क्षेत्र में रिलीफ का काम भी शुरू हो गया है।

(ख) कोई आश्वासन गवर्नमेंट की ओर से नहीं दिया गया है कि पक्का बांध बांधा जायगा। जमुना नदी पर नवादा सबडिवीजन में एक बांध बांधा जायगा और उम्मीद की जाती है कि यह बहुत जल्द पूरा हो जायगा। एक दूसरा प्रस्ताव यह है कि पुनपुन नदी पर एक बांध बांधा जाय।

श्री जगन्नाथ सिंह—मैं जानना चाहता हूँ कि रिलीफ वर्क में सिंचाई का भी कोई काम हो रहा है।

माननीय श्री कृष्ण वल्लभ सहाय—उत्तर 'हाँ' है।

श्री चन्द्रशेखर सिंह—क्या सरकार बतायेगी कि रिलीफ वर्क में पक्का बांध भी बांधा जाता है?

माननीय श्री कृष्ण वल्लभ सहाय—पक्का बांध बांध कर पुनपुन नदी में सिंचाई का काम होगा।

श्री जगन्नाथ सिंह—मैं जानना चाहता हूँ कि रिलीफ वर्क में कितने लैंडलेस लेवरर्स इम्प्लायड हैं?

†प्रश्नकर्त्ता की अनुपस्थिति में श्री जगन्नाथ सिंह के अनुरोध से उत्तर दिया गया।

POSTPONEMENT OF GRANT TO G. E. L. CHURCH PRIMARY SCHOOL.

*249. **Shri S. K. BAGE**: Will the Hon'ble Minister in charge of the Education Department be pleased to state—

(*a*) whether it is a fact that the Block Grant to G. E. L. Church Primary Schools stopped in 1948, has been restored on the 30th May, 1951;

(*b*) if the answer to clause (*a*) be in the affirmative, has the order of the Government restoring the same has been carried out through the Chairman of the District Board, if not, why?

**The Hon'ble Shri BADRI NATH VERMA**: (*a*) Government have ordered the Ranchi District Board that the grants meant for the G. E. L. Church Mission Schools which have not been paid by them since 1948 may be paid to them.

(*b*) Order for payment of the grants has issued to the Chairman District Board, Ranchi. Steps are being taken to get the order implemented.

**Shri S. K. BAGE**: Why so much delay was made?

**The Hon'ble Shri BADRI NATH VERMA**: Because there was certain correspondence with the District Board which the latter misunderstood.

**Shri S. K. BAGE**: Who had misunderstood?

**The Hon'ble Shri BADRI NATH VERMA**: The District Board.

**श्री जुनुस सुरीन**—क्या यह बात सही है कि गवर्नमेंट आर्डर पहले यह था कि उसे दे दो और फिर डिस्ट्रिक्ट बोर्ड को कहा गया कि मत दो?

**माननीय श्री बदरी नाथ वर्मा**—गवर्नमेंट का आर्डर यह था कि ब्लौक ग्रांट नहीं देकर हर स्कूल को अलग अलग रुपया दिया जाय। ब्लौक ग्रांट देने की प्रथा को बन्द कर दिया गया है।

**श्री जुनुस सुरीन**—गवर्नमेंट ने क्यों इतना देर किया जिससे काफी नुकसान हुआ।

**माननीय श्री बद्री नाथ वर्मा**—गवर्नमेंट ने देरी नहीं की। गवर्नमेंट तो समय पर रुपया दे चुकी थी मगर डिस्ट्रिक्ट बोर्ड ने उसके आर्डर को ठीक समझा नहीं था।

---

विद्यार्थियों की पाठ्य पुस्तक।

*२५०। **श्री भुवनेश्वर पाण्डे**—क्या माननीय मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(क) क्या यह बात सही है कि राज्य के छात्रों को सुलभ कीमत पर सुन्दर छपाई के साथ प्रमाणिक तथा उपयोगी पाठ्य पुस्तकें समय पर देने की घोषणा करते हुए सरकार ने स्कूली पुस्तकों का प्रकाशन की व्यवस्था अपने हाथों में ली हैं;

(ख) क्या गत दो वर्षों से क्लास ८वीं और ९वीं की साहित्य संबंधी पुस्तकों को छोड़ कर अन्य सभी विषयों के प्रकाशन विक्रय का व्यापार सरकार द्वारा चालू कर दिया गया है, अन्य वर्गों की पुस्तकों की प्रकाशन भी शिक्षा विभाग इस साल से अपने हाथों में ले रही है;